प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 23.04.2024 समय: 2.10 PM

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. इन क्षेत्रों में शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है।
- प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोंड़ना होता है। इस हेतु सघन निगरानी अभियान चलाया जाता है।
- दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में मतदान होना है।

पांचवी-आठवीं रिजल्ट

स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड पैटर्न पर हुई 5वीं और 8वीं की परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इन दोनों परीक्षाओं में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। 5वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 6 से 13 मार्च और कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं 6 से 14 मार्च तक आयोजित की गई थीं।

कक्षा पांचवी 90 दशमलव 9-7 फीसदी रहा है। इसमें सरकारी स्कूल का 91 दशमलव 5-3 और निजी स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 दशमलव 1-8 फीसदी रहा है। मदरसों का परिणाम 73 दशमलव 2-6 फीसदी रहा है। कक्षा आठवीं का रिजल्ट 87 दशमलव 7-1 फीसदी रहा है। सरकारी स्कूल का 86 दशमलव 2-2 फीसदी प्रायवेट स्कूल 90 दशमलव 6-0 फीसदी और मदरसा के 67 दशमलव 4-0 फीसदी छात्रों ने बाजी मारी है।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास

कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

उज्जैन क्षिप्रा

तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने आरोप लगाया कि उज्जैन की शिप्रा नदी में नालों का गंदा पानी गिर रहा है। श्री परमार ने इसी पानी में डुबकी लगाकर और आचमन कर विरोध दर्ज कराया। परमार उज्जैन लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भी हैं। उनका कहना है कि पिछले 20 साल से मध्य प्रदेश में और 10 साल से देश में भाजपा की सरकार है। 500 करोड़ खर्च करने के बाद भी ये स्थिति है ।

प्रधानमंत्री रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी कल सागर और हरदा में सभा करने के बाद भोपाल में रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में होने वाला रोड शो ऐतिहासिक होगा।

श्री मोदी का रोड शो एक किमी का होगा। रोड शो में 200 से अधिक मंचों पर अलग-अलग प्रकार से उनका अभिनंदन होगा। कलाकार, साधु- संत सहित अलग-अलग वर्गों के लोग श्री मोदी का स्वागत करेंगे।

कुछ समाचार संक्षेप में....

- इंदौर में भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कैंपस एंबेसेडर एवं मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया है ।
- आगरमालवा जिले के बड़ौद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कल रांगोली एवं मेहंदी बनाकर मतदान करने का संदेश दिया।
- शिवपुरी जिले में आज हनुमान जयंती मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सतना और मैहर जिले में भी हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है।

- टीकमगढ़ में चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है।
- धार में खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट अभियान के प्रथम चरण में जैतपुरा में पांच खेल तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी और खो-खो खेलों के लिए असेसमेंट प्रक्रिया आज से 27 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है ।
- धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में आज सुबह शोलापुर से इंदौर की ओर आ रही वोल्वो बस की आगे चल रहे ट्रक से टक्कर हो गई। जिसमें एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए।